विद्यालय सुरक्षा

"आपदा कभी भी आ सकती है, अतः सावधानी बरतनी आवश्यक है, इससे पहले कि कहीं देर न हो जाये।"

विद्यालय की सुरक्षा क्यों आवश्यक है?

हर साल सैकड़ों बच्चे, भूकंप, बाढ़, आग और अन्य आपदाओं से प्रभावित होते हैं।

- 1995 में डबवाली (हरियाणा) में एक विद्यालय में आग दुर्घटना के कारण **200** से अधिक बच्चों की मृत्यु हो गई।
- 1997 में दिल्ली में यमुना नदी में बस गिरने से **24** बच्चों की मृत्यु हो गई।
- 2001 में गुजरात भूकंप के दौरान लगभग **971** विद्यार्थियों सहित **31** शिक्षकों की जान चली गई, साथ ही **1834** विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हो गए।
- 2004 में तमिलनाडु में कुम्भकोणम आग त्रासदी में **94** बच्चों की मृत्यु हो गई।
- 2004 सुनामी के दौरान हजारों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मृत्यु हुई, साथ ही कई घायल व प्रभावित हुए।
- 2007 में केरल में पिकनिक के दौरान नाव दुर्घटना में **15** विद्यार्थियों सहित **3** शिक्षकों की जान चली गई।
- 2010 में उत्तराखण्ड, बागेश्वर में बादल फटने से **18** बच्चे की मृत्यु हो गई, साथ ही **8** घायल हुए।
- 2011 में सिक्किम भूकंप के कारण **759** विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हुए।
- 2013 में उत्तराखण्ड आपदा के कारण **873** विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हुए।
- 2014 में दक्षिण कोरिया नौका दुर्घटना में सियोल के नजदीक अन्सन उच्च विद्यालय के लगभग **200** से ज्यादा छात्रों की मृत्यु हो गयी या लापाता हो गये।

उक्त परिपेक्ष में यह आवश्यक है कि संरचनात्मक व गैर-संरचनात्मक उपायों को अपनाकर विद्यालय एवं विद्यार्थियों के आपदाओं के जोखिमों को कम किया जाये।

विद्यालय सुरक्षा योजना आपदा के जोखिमों को कम करने में सहायक होती हैं।

विद्यालय सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय ः

- आपदा के प्रति विद्यार्थियों एवं अन्य समुदाय में जागरूकता पैदा करना।
- विद्यालय भवन में मौजूद खतरों एवं संवेदनशीलता का आकलन करना एवं संरचनात्मक तथा गैर-संरचनात्मक उपाय करना।
- विद्यालय की आपदा प्रबंधन व निकासी योजना तैयार करना।
- विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति व कार्य दलों का गठन करना व उन्हें प्रशिक्षित करना।
- चेतावनी तंत्र विकसित करना।
- विद्यालय नक्शे, निकासी योजना व तैयारी गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करना।
- नियमित अन्तराल पर पूर्वाभ्यास करना।
- आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद, बच्चों की मानसिक पीड़ा को कम करना।
- विकलांग बच्चों व लिंग आधारित आवश्यकताओं को विद्यालय सुरक्षा योजना में यथोचित स्थान देना।
- विद्यालय सुरक्षा योजना की समय-समय पर समीक्षा करना एवं उसमें आवश्यक संशोधन करना।

Acknowledgment : NIDM, New Delhi

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,

राजस्व विभाग-आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जनहित मे जारी।

राज्य आपदा प्रबंधन हैल्पलाईन (टॉल फ्री) - 1070

Email: sdma-hp@nic.in
Website: www.hpsdma.nic.in
Follow us: www.facebook.com/sajaghimachal

राजकीय मुद्रणालय, हि० प्र०, शिमला–1263-राजस्व/16–16-9-2016–100 प्रतियां।